दिल्ली तथा अन्य शहरों में भूमिगत रेल व्यवस्था

2135. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया :** क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार दिल्ली में भूमिगत रेलगाड़ी चलाने की संभावना और आवश्यकता पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) उन अन्य शहरों के क्या नाम हैं, जिनको ऐसे शहरों की सूची में सम्मिलित किया गया है और जिनमें ऐसी प्रणाली आरम्भ किए जाने की संभावना है ;

(घ) परिवहन समस्या को देखते हुए, इस व्यवस्था को शुरू करने के लिए कोई कार्यवाही न किए जाने के क्या कारण हैं,

(ङ) क्या सरकार राष्ट्रीय परिवहन प्राधिकरण स्थापित करने का विचार रखती है; और

(च) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बलवीर सिंह) : (क) और (ख) जी, हां । दिल्ली प्रशासन ने रेल इण्डिया टेक्नीकल तथा इकोनोमिक सर्विसेज लि० (आर०आई०टी०ई०एस०) को दिल्ली में एक द्रुतगामी परिवहन प्रणाली के लिए एक संभाव्यता रिपोर्ट तैयार करने का कार्य सौंपा है, जिसके पूर्व में विवेक विहार और पश्चिम में विकासपुरी से पूर्व-पश्चिम मार्ग (कारीडोर) पर मेट्रो के निर्माण पर विशेष जोर दिया है।

(ग) किसी विशेष नगर में मेट्रो परिवहन प्रणाली की आवश्यकता पर संबंधित राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया जाना होगा। रेल इण्डिया टेक्नीकल तथा इकोनोमिक सर्विसेज लि० ने अहमदाबाद तथा हैदराबाद के लिए विस्तृत संभाव्यता रिपोर्ट तैयार की है।

(घ) कलकत्ता, बम्बई तथा मद्रास में मेट्रो रेल प्रणाली के निर्माण का कार्य पहले ही प्रगति पर है। कलकत्ते में इस प्रणाली के एक भाग में पहले ही कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है। जहां तक कुछ अन्य महानगरों का संबंध है, संभाव्यता अध्ययन विभिन्न सोपानों में हैं। इन सभी योजनाओं का कार्यान्वयन तथा प्रगति आने वाले वर्षों में साधनों की उपलब्धता पर निर्भर होगी।

(ङ) और (च) ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

Refusal to Doordarshan team of Doordarshan Kendra, Madras to cover the function of Welfare Association

215. SHRI SATNTOSH BAGRODIA: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a team of Doordarshan Kendra, Madras which Went to cover the annual function of the Welfare Associaiton of a colony on 4th June, 1989 was forced to leave the function by the two Ministers of State of Tamil Nadu; and

(b) if so, what is Government's reaction thereto and what action is being taken by Government against those persons who are responsible for ignoring the Madras Doordarshan?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (PROF. K. K. TEWARY): (a) Yes, Sir.

(b) The misunderstanding between the Doordarshan and the Government of Tamil Nadu has since been removed. Therefore, the Government is not contemplating any follow-up action.